# वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड समाचार

हमारे लोग, हमारी ताकत

दिनांक : 30 अप्रैल, 2023

आज़ादी का अमृत महोत्सव

अंक : 479


## वेकोलि की 50 वीं त्रिपक्षीय सुरक्षा समिती की बैठक संपन्न



वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की "50 वीं त्रिपक्षीय सुरक्षा समिती" की बैठक दिनांक 19.04.2023 को अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार, उप महानिदेशक खान सुरक्षा (पश्चिमी अंचल) श्री बी. पी. सिंह, खान सुरक्षा महानिदेशालय एवं WCL के निदेशक गण, WCL त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति तथा कोल इंडिया लिमिटेड के सेफ्टी बोर्ड के सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुई।



इस अवसर पर वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि कर्मियों की सेफ्टी (सुरक्षा), प्रबंधन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कोयला खनन कार्यों में सुरक्षा के नियमों के शत-प्रतिशत अनुपालन से ही वेकोलि का विकास संभव है। सुरक्षा के मापदंडों का समुचित पालन आवश्यक है एवं इसी के माध्यम से खनन कार्य में गति और देश के कोयला आवश्यकताओं की पूर्ति हो सकती है। अपने संबोधन में उन्होंने सेफ्टी पर जागरूकता बढ़ाने पर ज़ोर दिया।




बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित उप-महानिदेशक (खान सुरक्षा) पश्चिम अंचल, भारत सरकार श्री बी. पी. सिंह ने वेकोलि की उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि सुरक्षा सम्बन्धी कार्यों को समय सारणी बनाकर योजनाबद्ध तरीके से संपन्न करें।

बैठक की अध्यक्षता स्टैंडिंग कमिटी ऑन सेफ्टी (कोल) के सदस्य श्री. एन. आर. सराटकर ने की। उन्होंने सलाह दी कि गहन प्रशिक्षण देकर सेफ्टी के स्तर का विस्तार करें तथा विश्लेषण कर कमियों के कार्य पद्धति को और बेहतर करें।

कोल इंडिया सेफ्टी बोर्ड के सदस्य श्री सी. जे. जोसफ़ ने कहा कि पिछले वर्षों में खदानों की सुरक्षा बढ़ी है। उन्होंने ऐसी बैठकों को कम अंतराल पर करने का सुझाव दिया।

इस अवसर पर खान सुरक्षा महानिदेशालय के निदेशक गण सर्वश्री नीरज कुमार, एस. पुट्टाराजू, टी. श्रीनिवास, रुपेश श्रीवास्तव, पंकज जैन, WCL के निदेशक गण श्री जे. पी. द्विवेदी, श्री ए. के. सिंह, त्रिपक्षीय सुरक्षा समिती के सदस्य सर्वश्री जीतेन्द्र मल्ल, महंगी यादव, सादिक अहमद



रिज़वी, सैयद सरफराज, दिलीप सातपुते, प्रमोद कुमार सिंह, सुनील मोहितकर, , श्रीनाथ सिंह, प्रमोद चौहान, प्रमोद अर्जुनकर तथा रविन्द्र थूने ने सुरक्षा के संबंध में अपने सुझाव दिए।

कोल इंडिया कार्पोरेट गीत के साथ प्रारम्भ इस कार्यक्रम में सुरक्षा शपथ लेने के बाद खान-दुर्घटनाओं में शहीद श्रमिकों को मौन रख कर श्रद्धांजलि दी गयी। इसके उपरान्त अमेरिका में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय खान रेस्क्यू प्रतियोगिता में ओवरआल तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली रेस्क्यू टीम तथा कोयला खनन एवं सुरक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले कर्मियों



को भी सम्मानित किया गया।

स्वागत संबोधन महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं संरक्षण) श्री आर. एम. वानरे ने किया। वेकोलि में सेफ़्टी की स्थिति, वर्ष पर्यंत किए कार्यों तथा आगे की योजना पर मुख्य प्रबंधक (खनन) श्री सुधांशु श्रीवास्तव ने पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी। धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक (रेस्क्यू) श्री एस. के. श्रीवास्तव ने एवं संचालन श्री मिलिंद चहांदे, प्रबंधक (जन सम्पर्क) ने किया। बैठक में सुरक्षा निदेशालय के वरिष्ठ अधिकारी गण, वेकोलि के क्षेत्रीय महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## वेकोलि ने मनाया वर्ल्ड डे फॉर सेफ्टी एंड हेल्थ एट वर्क



सयुंक्त राष्ट्र महासभा की इकाई अंतरराष्ट्रीय श्रम संघ (ILO) जिनेवा की पहल पर वेस्टर्न कोलफ़ील्ड्स लिमिटेड, मुख्यालय में "WORLD DAY FOR SAFETY & HEALTH AT WORK" (वर्ल्ड डे फॉर सेफ्टी एंड हेल्थ एट वर्क) के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार ने कम्पनी कर्मियों से सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने कार्यस्थल पर सुरक्षा और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की बात पर बल दिया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में श्री कुमार ने निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री



जे. पी. द्विवेदी, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री ए. के. सिंह तथा सीवीओ श्री अजय मधुकर म्हेत्रे की विशेष उपस्थिति में वेकोलि मुख्यालय स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की एवं सुरक्षा ध्वज फहराया। इसके उपरान्त मुख्य प्रबंधक (खनन) श्री एस. के. पांडेय ने कर्मियों को सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति सत्यनिष्ठा की शपथ दिलवायी। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्माचारीगण उपस्थित रहे।

विदित हो कि अंतरराष्ट्रीय श्रम संघ, अंतरराष्ट्रीय आधारों पर मजदूरों तथा श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए नियम बनाता है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संघ (ILO) की इस की वर्ष थीम है - A safe and healthy working environment (A Fundamental Right).





## सीएसआर के अंतर्गत 50 दिव्यांगजनों के लिए प्रोस्थेटिक लिंब का वितरण



डब्ल्यूसीएल ने दिनांक 15.04.2023 को आधार अपंग विकास संस्था के संयुक्त तत्वावधान में 'प्रोस्थेटिक लिंब वितरण शिविर' आयोजित किया। इस शिविर में सीएसआर के अंतर्गत 50 दिव्यांगजनों को आधुनिक स्टील टेक्सचर के प्रोस्थेटिक लिंब का वितरण किया गया।

माननीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी इस



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने दिव्यांगजनों को प्रोस्थेटिक लिंब प्रदान किए एवं उनसे संवाद कर उनका हौसला बढ़ाया। सीएसआर एवं कल्याण विभाग के विभागाध्यक्ष श्री अजय नाथ वर्मा और श्री सुमित ताटे, अध्यक्ष, आधार अपंग विकास संस्था की इस वितरण शिविर में प्रमुख उपस्थिति रही।





## वेकोलि के सुरक्षा कर्मियों के लिए हथियार प्रशिक्षण



दिनांक 26 अप्रैल, 2023 को वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के सभी क्षेत्रों के 70 सुरक्षाकर्मियों ने एक सुनियोजित कार्यप्रणाली तथा हथियार कौशल में प्रशिक्षण प्राप्त किया। यह प्रशिक्षण सी.आर.पी.एफ, हिंगना, नागपुर में आयोजित किया गया था।

उल्लेखनीय है कि वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में लगभग 2500 विभागीय सुरक्षाकर्मी उपलब्ध हैं। सुरक्षाकर्मियों को विभिन्न कोयला खदानों में सुरक्षा बंदोबस्त देखने हेतु हथियार मुहैया करवाए जाते हैं ताकि वह असामाजिक तत्वों एवं चोरी आदि को रोक सकें।

इस कार्यक्रम को सुनियोजित करने में भारतीय थल सेना की एन.सी.सी यूनिट तथा सी.आर.पी.एफ बटालियन के अधिकारियों का अहम योगदान रहा है। भविष्य में प्रत्येक माह इस कार्यक्रम को चलाने की प्रक्रिया भी प्रारंभ की गई है।



## आईएमटी नागपुर में वेकोलि के अधिकारीयों के लिए 'लीडरशिप डेवलपमेंट' प्रशिक्षण



वेकोलि एवं आईएमटी नागपुर के मध्य समझौते के तहत प्रथम 'लीडरशिप डेवलपमेंट' प्रशिक्षण दिनांक 24.04.2023 से 28.04.2023 तक आईएमटी कैंपस में आयोजित किया गया। इस पांच दिवसीय निवासीय प्रशिक्षण में E5 से E7 ग्रेड के अधिकारियों ने भाग लिया। यह प्रशिक्षण नई अवधारणाओं जैसे ईएसजी (पर्यावरण, सामाजिक और शासन) जैसे विषयों पर आधारित था।

दिनांक 28.04.2023 को प्रशिक्षण के समापन समारोह में डॉ. संजय कुमार, निदेशक (कार्मिक) एवं श्री पी. नरेंद्र कुमार, महाप्रबंधक (कार्मिक/एचआरडी) की विशेष उपस्थिति रही। इस प्रशिक्षण में भाग लेने वाले अधिकारियों की निर्णायक, विश्लेषणात्मक तथा नेतृत्व क्षमता जैसे विभिन्न आयामों में अपने प्रबंधन कौशल को सुधारने में मदद मिलेगी।

## निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री ए. के. सिंह ने उमरेड क्षेत्र के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को किया प्रोत्साहित



दिनांक 17 अप्रिल, 2023 को निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री ए. के. सिंह ने उमरेड क्षेत्र के दौरे के दौरान कर्मियों से 'चाय पे चर्चा' कर सीधा संवाद किया। उन्होंने क्षेत्र के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाया। अपने बीच उच्च प्रबंधन को पाकर कर्मियों में नवीन ऊर्जा का संचार स्पष्ट दिखाई दिया।

श्री सिंह ने कर्मियों को वित्तीय वर्ष के प्रारम्भ से ही उत्पादन, उत्पादकता, कोयला प्रेषण और ओ.बी.आर के प्रतिदिन के निर्धारित लक्ष्य



को पूरा करने की बात पर बल दिया। उन्होंने अपने खनन के अनुभव को कर्मियों के साथ साझा किया। इस अवसर पर उन्होंने उत्कृष्ट कर्मियों को सम्मानित भी किया।

इस कार्यक्रम में निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) के तकनीकी सचिव श्री आर. के. मिश्रा, महाप्रबंधक (सिविल) श्री बी. के. श्रीवास्तव, महाप्रबंधक (ई एंड एम) श्री एच. के. गुप्ता, क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री एम. डी. साबिर, उपक्षेत्रीय प्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।


WESTERN COALFIELDS LIMITED & MISSION WCL @TeamWCL @TeamWCL www.westerncoal.in

वेकोलि जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित एवं महेश पेपर्स, नागपुर द्वारा मुद्रित।